एडमिशन का आखिरी मौका: पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल

राष्ट्रीय मुहिम रिपोर्ट
जावेद्र पाण्डेय

चित्रकूट । उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा का सुनहरा अवसर सामने है। शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए प्रदेश के सभी राजकीय एवं निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है, जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। ऐसे में इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए यह अंतिम मौका साबित हो सकता है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 15 मई से 25 मई के बीच कंप्यूटर आधारित (उइळ) मोड में प्रदेशभर में किया जाएगा। इस परीक्षा के माध्यम से ही अभ्यर्थियों को प्रदेश के करीब 147 पॉलिटेक्निक संस्थानों में विभिन्न इंजीनियरिंग एवं फामेर्सी पाठ्यक्रमों में प्रवेश मिलेगा। प्रवेश के लिए परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है।

आवेदन करने के लिए आधिकारिक लिंक:

तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में पॉलिटेक्निक को कम खर्च में बेहतर करियर का मजबूत माध्यम माना जा रहा है। तीन वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं दो वर्षीय फामेर्सी पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्र सीधे उद्योगों से जुड़ रहे हैं। जानकारों के अनुसार, अधिकांश छात्रों को अंतिम वर्ष में ही 2 से 4 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर रोजगार मिल रहा है। चित्रकूट जनपद में स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ एवं मानिकपुर में सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की पढ़ाई उपलब्ध है। वहीं प्रदेश के अन्य संस्थानों में कंप्यूटर साइंस, केमिकल, टेक्सटाइल, फूड, डेरी और लेदर टेक्नोलॉजी जैसे आधुनिक कोर्स भी संचालित हो रहे हैं। इन संस्थानों में टाटा पावर, मारुति सुजुकी, सुब्रोस इंडिया लिमिटेड, मान-हमल्स फिल्टर लिमिटेड जैसी बड़ी कंपनियों द्वारा कैंपस प्लेसमेंट के जरिए छात्रों को नौकरी मिल चुकी है, जिससे पॉलिटेक्निक शिक्षा की उपयोगिता और बढ़ जाती है। राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ के प्रधानाचार्य एस.के. वैश्य के अनुसार, संस्थान में छात्रों के लिए छात्रावास, स्मार्ट क्लासरूम, अत्याधुनिक लैब, वर्कशॉप और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही इंडस्ट्रियल विजिट, एक्सपर्ट लेक्चर और सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग के जरिए छात्रों को उद्योगों के अनुरूप तैयार किया जाता है। इसके अलावा छात्रों को ?50,000 तक की छात्रवृत्ति और राज्य सरकार द्वारा टैबलेट वितरण जैसी योजनाओं का भी लाभ मिलता है। प्रवेश प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए विभिन्न पॉलिटेक्निक संस्थानों में सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां अभ्यर्थी आवेदन, परीक्षा एवं काउंसलिंग से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।